>

Title: Need to renovate monuments of archeological importance at Kalpi Nagar in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा की ओर दिलाना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा में कालपी नगर है, जिसे महर्षि वेदव्यास की जन्म-स्थली के नाम से जाना जाता है, यह ऐतिहासिक नगरी है। यहां पर सूर्य मंदिर एवं सूर्य कुण्ड है, जो कि पृथ्वी का मध्य माना जाता है। सूर्य ग्रहण पड़ने पर कई विदेशी एवं भारतीय, खगोल शास्त्री दूरबीन का प्रयोग कर यहां अध्ययन करने आते हैं। यहां पर पांडवों ने अपना अज्ञातवास का समय व्यतीत किया था, घटोत्कच्छ का जन्म भी इसी नगर में हुआ था और भीष्म पितामह ने भी यहां पर आजीवन अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा की थी। यहां पर कई प्राचीन मंदिर, जैसे पचपंडा देवी, काली का मंदिर, वन खंडर देवी का मंदिर हैं, जिसके कारण यह हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। स्वतंत्रता संग्राम में कई महापुरुष जैसे चन्द्रशेखर आजाद, वीरांगना लक्ष्मीबाई आदि ने यहां पर समय व्यतीत किया था। सम्राट अशोक ने यहां 84 गुम्बद बनवाए थे।

इतनी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय धरोहर होते हुए भी इन सब की हालत जीर्ण-शीर्ण है, जिसके कारण हमारे सारे अवशेष समाप्त होते जा रहे हैं।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस राष्ट्रीय धरोहर को पर्यटन स्थल घोषित कर सभी पुरातत्व स्थलों का जीर्णोद्धार कराया जाये।